

एम बी खालसा कॉलेज में 70 वीं राज्य स्तरीय शालेय कुराश प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

इंदौर - स्कूल शिक्षा विभाग राज्य शासन के आदेशानुसार एम बी खालसा राज महोत्सव में 70 वीं राज्य स्तरीय शालेय कुराश प्रतियोगिता का शुभारंभ एमआईसी मेंबर श्री नंदकिशोर पहाड़िया के मुख्य आतिथ्य में एवं प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी श्री सक्षम चारमाटे, कुराश प्रदेश असोसिएशन के प्रदेश सचिव श्री राहुल व्यास की गरिमामयी उपस्थिति में भव्य स्तर पर शुभारंभ किया गया। राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के विभागीय मीडिया प्रभारी श्री दिनेश परमार एवं श्री अनुराग तिवारी ने बताया कि इंदौर जिलें की मेजबानी में दिनांक 26 से 30 नवंबर 2026 तक आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में इंदौर संभाग सहित प्रदेश के आठ संभागों के 14, 17 व 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक / बालिका खिलाड़ी पार्टिसिपेट करेंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रभारी प्राचार्य श्रीमती सुनयना शर्मा ने किया एवं आभार प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री घनश्याम करोले ने माना। इस अवसर पर प्राचार्य श्री अरुण मित्तल, श्रीमती चन्द्रिका तनवानी, वरिष्ठ पीटीआई श्री अनिल गौड़, श्री रजत रोज़, श्री संतोष चौधरी, श्री झम्मन सिंह चौहान, श्रीमती अनीता भारती, श्रीमती रेणु जाटव, श्रीमती मीना शेंडके, श्रीमती अर्चना राशिनकर आदि सहित समस्त खिलाड़ी एवं ऑफिसियल्स उपस्थित थे।

एलेट स्पोर्ट्स की कराते टीम रवाना



इंदौर। एलेट स्पोर्ट्स अकादमी एवं श्रेयस एकेडमी की सर्वसम्मति द्वारा बनाई गई एलेट स्पोर्ट्स अकादमी की कराते टीम उत्तराखंड में आयोजित किए जाने वाले राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए ऋषिकेश रवाना कर दी गई है । जो कि 29 नवंबर को आठ राज्यों से भिड़ेगी जिसमें उत्तराखंड , जम्मू कश्मीर, उड़ीसा, राजस्थान,हरियाणा, पंजाब ओर चंडीगढ़ शामिल है । टीम में तनीषा मालवीय, चिराग सकवार, हंसिका पंवार, गायत्री राठौर, दिशा राठौर,गीतांशी हुड्डा , विवान गोस्वामी ,रोहित कौशल,विहान गोस्वामी और अलशिफा कुरैशी शामिल है । टीम अमय लश्करी की देख रेख में तैयार की गई है एवं वे ही इसके मुख्य कोच है । एवं टीम की मैनेजर पुष्पा गोस्वामी और पपीता पंवार है । एवं पोषण विशेषज्ञ आनंद कौशल है। ये टीम हाल ही में कन्याकुमारी राष्ट्रीय कराते स्पर्धा एवं विजय ट्रॉफी में जीतकर लौटी है ।

बीसीसीआई ने साझा की हेगली ओवल पिच की तस्वीरें

मुम्बई (ई)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया पर हेगली ओवल की पिच की तस्वीरें साझा की हैं। भारत और न्यूजीलैंड की टीमें यहां शुक्रवार से दूसरा टेस्ट मैच खेलेंगी। भारतीय समयानुसार यह मुकाबला शुक्रवार की सुबह 3 बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा। बीसीसीआई ने पिच की जो तस्वीरें जारी की हैं। उसमें हेगली ओवल की पिच पर लंबी घास दिख रही है। जो पारंपरिक रूप से तेज गेंदबाजों के लिए शुरुआती ओवरों में काफी सहायक होती है। वहीं मैदान के इतिहास को देखें तो यहां शुरुआत में तेज गेंदबाजों को जबरदस्त उछाल और स्विंग मिलती है, लेकिन जैसे-जैसे खेल आगे बढ़ता है और पिच पुरानी होती जाती है, यह बल्लेबाजों के लिए अधिक अनुकूल बनती जाती है। यही वजह है कि क्राइस्टचर्च में खेले गए टेस्ट मैचों में लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम का जीत प्रतिशत 56.25 रहा है, जो यह दिखाता है कि यहां बाद में बल्लेबाजी करना अक्सर फायदेमंद साबित होता है।

पंकज आडवाणी क्रूसिबल कप स्नूकर जीतने वाले पहले भारतीय बने

लंदन (ई)। भारत के पंकज आडवाणी ने ब्रिटेन के रीडिंग में खेले गए प्रतिष्ठित क्रूसिबल कप स्नूकर टूर्नामेंट को जीतकर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। पंकज इस मुकाबले को जीतने वाले पहले भारतीय बन गये हैं। स्नूकर 900 प्रारूप के इस रोमांचक टूर्नामेंट के फाइनल में आडवाणी ने माल्टा के पूर्व पेशेवर खिलाड़ी टोनी ड्रैगो को आसानी से 6-0 से हरा दिया। मौजूदा विश्व बिलियर्ड्स चैंपियन आडवाणी ने इस टूर्नामेंट में शुरू से ही अपना दबदबा बनाए रखा। अपने अभियान की शुरुआत में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विश्व स्नूकर चैंपियन नील रॉबर्टसन को 5-2 से हराया। इसके बाद सेमीफाइनल में जो पेरी को 5-1 से आसानी से हराकर फाइनल में जगह बनायी। इस टूर्नामेंट में अन्य खिलाड़ियों के प्रदर्शन की बात करें तो, जो पेरी ने सेमीफाइनल तक पहुंचने के लिए मौजूदा विश्व स्नूकर चैंपियन वू यिजे को 5-0 से हराया। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में टोनी ड्रैगो ने स्नूकर के रॉनी ओसुलिवन को 5-3 से हराकर फाइनल में जगह बनायी।

वैभव की उम्र पर पाकिस्तानी क्रिकेटर तनवीर ने सवाल उठाये

लाहौर (ई)। भारत के 15 साल के उभरते हुए क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की बल्लेबाजी की जहां दुनिया भर में प्रशंसा हो रही है वहीं एक पाकिस्तानी क्रिकेटर तनवीर अहमद ने इसपर सवाल उठाये हैं। इस पाक क्रिकेटर का कहना है कि इतनी कम उम्र में ऐसे शॉट नहीं लगाये जा सकते हैं। वैभव ने एशिया कप राइजिंग स्टार्स में यूएई के खिलाफ तूफानी पारी खेलते हुए 52 गेंदों में ही दोहरा शतक लगा दिया था। अपनी इस पारी में वैभव ने 7 चौके और 28 छक्के लगा दिये थे। तनवीर एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने वैभव की उम्र को लेकर संदेह व्यक्त किया है। एक टीवी चैनल पर दिए अपने बयान में उन्होंने कहा, वो 15 साल का नहीं है, वो कम से कम 20-21 साल का है। साथ ही कहा कि कितनी भी प्रतिभा हो 15 साल का बच्चा 28 छक्के नहीं मार सकता।

केकेआर, मुम्बई और सीएसके लगा सकती हैं बड़ी बोलियां

स्टोक्स भी आईपीएल 2027 में खेलते दिखेंगे

मुम्बई (ई)। आईपीएल के 2027सत्र में इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स भी खेलते दिख सकते हैं। स्टोक्स ने गोवा में 16 दिसंबर हो होने वाली आईपीएल मिनी ऑक्शन के लिए पंजीकरण कराया है। स्टोक्स जैसे बेहतरीन खिलाड़ी को शामिल करने के लिए टीमें बढ़-चढ़कर बोली लगा सकती है। उनपर मुख्य रुप से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), मुंबई इंडियंस (एमआई) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) जैसी प्रमुख फ्रेंचाइजियों की नजरें रहेंगी।



इसका कारण है कि स्टोक्स एक वैसा खिलाड़ी रहे हैं। 35 वर्षीय स्टोक्स ने अपना बेस प्राइस दो करोड़ रुपये रखा है, जो उनकी क्षमता को देखते हुए सही माना जा रहा है। गौरतलब है कि आईपीएल के 45 मैचों में उनके नाम 935 रन और 28 विकेट दर्ज हैं, जो उन्हें किसी भी टीम के लिए एक अमूल्य खिलाड़ी बनाते हैं। वह इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स, राजस्थान रॉयल्स और राइजिंग पुणे सुपरजायंट में रहे थे। जिससे फ्रेंचाइजियों को उनकी खेल शैली और नेतृत्व क्षमता का अच्छा अंदाजा है। वह किसी भी टीम संयोजन में फिट हो सकते हैं जो उनकी एक बड़ी खूबी है। इसके अलावा वह किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी कर सकते हैं। उनकी गेंदबाजी भी काफी प्रभावी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ प्रमुख फ्रेंचाइजियां बेन स्टोक्स को अपनी टीम में शामिल करने के लिए भारी बोली लगा सकती हैं। इनमें सबसे आगे केकेआर है, जिसे एक अनुभवी कप्तान और ऑलराउंडर की जरुरत है। केकेआर 41.65 करोड़ रुपये के सबसे बड़े पर्स के साथ नीलामी में उतरेगी, जिससे स्टोक्स को खरीदना उनके लिए संभव हो सकता है और वे अपनी टीम को एक नई दिशा दे सकते हैं। स्टोक्स का अनुभव और दबाव में प्रदर्शन करने की क्षमता केकेआर के लिए एक बड़ा फायदा साबित हो सकती है।वहीं दूसरी प्रमुख दावेदार मुंबई इंडियंस है, जो हार्दिक पंड्या के जाने के बाद उनके विकल्प की तलाश में है। मुंबई को मध्य क्रम में एक हार्ड-हिटिंग बल्लेबाज और चार ओवर फेंकने वाले गेंदबाज की आवश्यकता है। बेन स्टोक्स इस भूमिका के लिए एकदम सही उम्मीदवार हैं और मुंबई के पास 32.60 करोड़ रुपये का पर्स उपलब्ध है, जो उन्हें इस ऑलराउंडर पर दांव लगाने की पूरी छूट देता है। तीसरी टीम चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) है, जो अपने सबसे सफल कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास के बाद पहली बार मैदान में उतरेगी। सीएसके को भी एक मजबूत ऑलराउंडर और तेज गेंदबाजी विकल्प की जरूरत है। टीम के पास 28.05 करोड़ रुपये मौजूद हैं और स्टोक्स पहले भी सीएसके का हिस्सा रह चुके हैं, इसलिए फ्रेंचाइजी उन्हें वापस लाने के लिए पूरा जोर लगा सकती है।

गेल, हेल्स सहित कई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर खेलते दिखेंगे

नैरोबी में अगले माह खेला जाएगा सुपर 90 का चौथा सत्र

नैरोबी (ई)। अफ्रीकी देश केन्या की राजधानी नैरोबी में सुपर 90 का चौथा सत्र अगले माह 3 दिसंबर से शुरु होगा। इस सत्र में दिग्गज अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर खेलते दिखेंगे। जिसमें वेस्टइंडीज के क्रिस गेल, बांग्लादेश के शाकिब अल हसन, इंग्लैंड के जेसन रॉय और एलेक्स हेल्स जैसे बड़े नाम शामिल हैं। ये टूर्नामेंट 12 दिनों तक चलेगा और इसमें सात फ्रेंचाइजी एक साथ आकर 22 रोमांचक मुकाबले खेलेंगी। इसमें खिताबी फाइनल मुकाबला 14 दिसंबर को होगा। सुपर 90 में गेल पंजाब टाइटन्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि शाकिब अल हसन लंदन जायंट्स में शामिल रहेंगे। वहीं जेसन मेरू थंडर्स और हेल्स नैरोबी लायंस की तरफ से खेलेंगे। इससे स्थानीय दर्शकों को कई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों को देखने का अवसर मिलेगा।



इसमें श्रीलंका के पूर्व कप्तान तिलकरत्ने दिलशान और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर शॉन मार्श की भी बल्लेबाजी देखने का अवसर प्रशंसकों को मिलेगा। इसके अलावा वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर फैबियन एलन और कार्लोस ब्रैथवेट के अलावा रवि बोपारा, अंबाती रायुडू, मिशेल जॉनसन और समित पटेल भी इसमें खेलते दिखेंगे। यह टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय और केन्याई क्रिकेटरों को एक साथ मंच प्रदान करेगा, जिससे उन्हें प्रतिस्पर्धा करने और देश में क्रिकेट के विकास में योगदान देने का अवसर मिलेगा।टूर्नामेंट की शुरुआत 3 दिसंबर को नैरोबी जिमखाना क्रिकेट क्लब में पंजाब टाइटन्स और दिल्ली रॉयल्स के बीच मुकाबले से होगी। वहीं 4 दिसंबर को नैरोबी लायंस का सामना लंदन जायंट्स से होगा, जबकि उसी दिन दिल्ली रॉयल्स हरियाणा वॉरियर्स के खिलाफ उतरेगी। 5 दिसंबर को लंदन जायंट्स एल्डरेट टाइगर्स से खेलेगी। वहीं मेरू थंडर्स का मुकाबला पंजाब टाइटन्स से होगा। इस प्रतियोगिता में हरियाणा वॉरियर्स, पंजाब टाइटन्स, नैरोबी लायंस, मेरू थंडर्स, एल्डरेट टाइगर्स, दिल्ली रॉयल्स और लंदन जायंट्स नाम की सात फ्रेंचाइजी शामिल रहेंगी।

भोपाल, रतलाम, सतना, ग्वालियर, जबलपुर, नरसिंहपुर अगले दौर में



इंदौर। । मध्यप्रदेश टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में 69 वीं यूटीटी मध्यप्रदेश राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस स्पर्धा खिलाड़ियों के उत्साहपूर्ण माहौल में आरंभ हुई। अभय प्रसाल में खेली जा रही प्रतियोगिता की टीम स्पर्धा के बालक वर्ग अंडर-13 के आरंभिक मुकाबलों में भोपाल बी ने उज्जैन बी को 3-0 से, इंदौर बी ने रीवा को 3-0 से, बालक अंडर-15 वर्ग में रतलाम ने झाबुआ को 3-1 से, बालक अंडर-17 आयु वर्ग में भोपाल ने रीवा को 3-0 से, सतना ने जबलपुर को 3-0 से, पुरुष टीम वर्ग में भोपाल सी ने सतना को 3-1 से, नरसिंहपुर ने खंडवा को 3-0 से, जबलपुर ने उज्जैन ए को भोपाल ए ने रतलाम ए को 3-0 से, ग्वालियर ने उज्जैन को 3-0 से व महिला वर्ग में ग्वालियर ने नरसिंहपुर को 3-0 से पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। स्पर्धा का शुभारंभ बी.एस.एन.एल. इंदौर के प्रबंधक महाप्रबंधक पंकज उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में व मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघठन के उपाध्यक्ष ओम सोनी की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के जयेश आचार्य, प्रमोद सोनी, जिला सचिव नीलेश वेद, गौरव पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन निलेश परदेसी ने किया व आभार शिरीष भागवत ने व्यक्त किया।

हॉकी में डेली कॉलेज की जीत से शुरुआत, मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स भी जीता



इंदौर। द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल की मेजबानी में आयोजित ऑल इंडिया आईपीएससी हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ 26 नवंबर को हुआ। प्रतियोगिता 28 नवंबर 2026 तक आयोजित की जाएगी। इसमें देशभर के विभिन्न स्कूलों की टीमें अंडर-19 बालक वर्ग में हिस्सा ले रही हैं। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला द पंजाब पब्लिक स्कूल और मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स के बीच खेला गया। इसमें मोतीलाल नेहरू स्कूल ऑफ स्पोर्ट्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 गोल से जीत दर्ज की। विजेता टीम की ओर से हितेश, वरुण और अर्पित ने गोल किए। अर्पित ने दो गोल दागे, जबकि द पंजाब पब्लिक स्कूल की ओर से वंश ने एक गोल किया। दिन का दूसरा मुकाबला मेजबान द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल और डेली कॉलेज के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में डेली कॉलेज ने 1-0 गोल से जीत हासिल की। डेली कॉलेज की ओर से विश्वराज ने एकमात्र निर्णायक गोल कर टीम को जीत दिलाई। तीसरा मैच एमएसएस राय व बीके बिरला के बीच खेला गया एमएसएस राय ने बीके बिरला को 6 -1 से हराया एमएनएसएस के खिलाड़ियों ने शुरू से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी और एक के बाद एक गोल किए।

चैंपियंस लीग फुटबॉल में बार्सिलोना और लिले को मिली जीत, पीएसजी-रोमा का मुकाबला बराबरी पर रहा

बाकू (ई)। स्पेनिश क्लब एफसी बार्सिलोना ने यहां हुए यूईएफए चैंपियंस लीग फुटबॉल मुकाबले में सबाह एफके को 4-1 से हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। वहीं एक अन्य मुकाबले में पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) का मुकाबला एएस रोमा के साथ 2-2 से बराबरी पर रहा। वहीं एक अन्य मुकाबले में लिले क्लब ने जर्मनी के बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराकर सभी को हैरान कर दिया। ये लिले की लीग चरण में पहली जीत थी। बार्सिलोना को एंथनी गॉर्डन के दो गोल और करीम अदेयेमी तथा गेब्रियल जीसस के एक-एक गोल से लीग चरण में अपने पांचवें मुकाबले में चौथी जीत मिली। बार्सिलोना ने इस मुकाबले में हाफ-टाइम के बाद लगातार दो गोल किये। गेब्रियल जीसस के शॉट को पोकातिलोव ने रोका, लेकिन रिबाउंड पर गॉर्डन ने बार्सिलोना के लिए पहला गोल दागा। इसके तुरंत बाद, करीम अदेयेमी ने



दूसरा गोल किया। जीसस ने तीसरा गोल जोड़ा, जबकि जॉय-लांस मिकल्स ने एक शानदार फिनिश के साथ सबाह एफके के लिए एकमात्र गोल किया। अदेयेमी ने पांचवां गोल करने का मौका गंवाया जब पेनल्टी एरिया के अंदर से लगाया गया उनका जोरदार शॉट क्रॉसबार से टकराया। इस जीत के साथ, बार्सिलोना ने तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल किए और वह राउंड ऑफ 16 में सीधे क्वालिफिकेशन की ओर बढ़ गयी है।

वहीं पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने रोमा के साथ 2-2 से ड्रॉ खेलकर यूईएफए चैंपियंस लीग में अपना जीत का सिलसिला बनाये रखा। यह दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला था। पहले हाफ में ही मारियो हर्मोसो ने एक गोल दागकर पांचवें मिनट में रोमा को शुरुआती बढ़त दिलायी। इसके बाद इल्या जबार्नी ने 31वें मिनट में पीएसजी के लिए बराबरी का गोल दागकर अपना पहला गोल किया। वहीं दूसरे हाफ में भी मुकाबला संघर्षपूर्ण रहा। उस्मान डेम्बेले ने 62वें मिनट में पेनल्टी से एक गोल कर पीएसजी को बढ़त दिला दी पर डोन्येल मालेन ने 78वें मिनट में पेनल्टी से ही रोमा के लिए बराबरी का गोल दागकर मुकाबले को ड्रॉ पर रोक दिया। एक अन्य मुकाबले में लिले ने बायर्न म्यूनिख को 2-1 से हराकर सभी को हैरान कर दिया।

मोयरा कप अंडर-18 एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा

देव्ज एकेडमी की विराट जीत







इंदौर। सचिव देवाषीष निलोसे ने बताया कि आईडीसीए द्वारा आयोजित मोयरा कप अंडर-18 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत आज देव्ज एकेडमी एवं सीसीआय के मध्य मैच खेला गया जिसमें देव्ज एकेडमी ने पहले खेलते हुए 49 ओवरो में 9 विकेट खोकर 314 रन बनाये। सौम्य पाटीदार ने आक्रामक 114 रन13 चैके 7 छक्के एवे शिवम कलवानी ने नाबाद 46 रन बनाये। खुशाल राजपुत ने 3 विकेट लिये।



जवाब में सीसीआय की टीम 24 ओवरो में 252 रनों पर सिमट गई और यह मैच 163 रनों के विशाल अंतर से हार गई। दिव्यांश तोमर ने 5 विकेट एवं सौम्य पाटीदार ने दोहरा प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट लिये।

एसवीसीए की विशाल जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एससीसीए एवं महू स्पोटस के मध्य खेला गया जिसमें एससीसीए ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 7 विकेट खोकर 270 रन बनाये। जतिन लोधवाल ने 64 रन बनाये।प्रिंस बफार्मे ने 4 हिवकेट लिये। जवाब में महू स्पोटस की टीम 23 ओवरो में 72 रनों पर सिमट गई और यह मैच 198 रनों के विशाल अंतर से हार गई । शिव तिवारी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 रन देकर 6 विकेट लिये।

मां कनकेश्वरी की रोमांचक जीत

सचिव देवाषीष निलोसे ने बताया कि आईडीसीए द्वारा आयोजित सी.के नायडू एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत आज एमकेसीसी एवं विजय क्लब के मध्य मैच खेला गया जिसमें एमकेसीसी ने पहले खेलते हुए 49 ओवरो में सभी विकेट खोकर 310 रन बनाये। अंश यादव ने 98 रन, अभिषेक मावी ने 90 रन एवं सार्थक ओझा ने 66 रन बनाये ।अंश दलाल ने 4 विकेट लिये। जवाब में विजय क्लब की टीम 50 ओवरो में 9 विकट के नुकसान पर 278 रन ही बना पाई और यह मैच 32 रनों के मामूली अंतर से हार गइ। निशांत सिंह ने 50 रन एवं पार्थ गवली ने 86 रन बनाये। मोहनीश पाटीदार ने 3 विकेट लिये।

डफी के बचाव में उतरे मैट हैनरी



वेलिंगटन (ईएमएस)। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हैनरी ने पहले टेस्ट में खराब प्रदर्शन के कारण निशाने पर आये जैकब डफी का बचाव किया है। हेनरी ने कहा कि डफी एक बेहतरीन गेंदबाज है और उनकी क्षमताओं पर सवाल नहीं उठाया जा सकता है। डफी ने पहले टेस्ट में 33 ओवर में 201 रन दिखे थे पर उन्हें एक भी विकेट नहीं मिल पाया। इसके बाद से ही टीम में उनकी जगह पर सवाल उठे थे जिसको लेकर हेनरी ने डफी का खुलकर समर्थन किया है।

इंदौर नगर पालिक निगम, झोन क्र. 4 इंदौर
जाहिर सूचना

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अंश पाल पिता सुनील पाल द्वारा झोन क्रं. 04, वार्ड 13 राजस्व विभाग पर आवेदन क्रं. 403, दिनांक 26.11.2026 के साथ रजिस्टर्ड दानपत्र प्रस्तुत कर सर्विस/पिन नम्बर 1000924063, पता 297 सुन्दरनगर, इंदौर पर वारिस नाते नामांतरण चाहा गया है। पूर्व में खाते में श्री जगदीशचन्द्र पिता पांचुलाल गेंदर दर्ज है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक 27.11.26 से पन्द्रह दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त सम्पत्ति पर किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 04 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात व बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी
झोन क्र. 4, नगर पालिक निगम, इंदौर
इंदौर समाचार

:: जाहिर सूचना ::

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार हरिराम पिता मोहनलाल, जाति माली, निवासी - ग्राम सेमल्या चाक, तहसील कनाडिया, जिला इंदौर (म.प्र), के स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम सेमल्या चाक, तहसील कनाडिया, जिला इंदौर के सर्वे क्रमांक 407/3, रकबा 2.000 हेक्टेयर कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया जाकर बयाने पेटे राशि प्रदान कर दी गई है, उक्त संपत्ति के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक या अन्य किसी का भार, बोझ, बखीश, बिक्री जमानत, किसी भी प्रकार की हक़, अधिकार आदि की आपत्ति हो तो इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय प्रमाण के लिखित आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद मियाद अनुबंध की सम्पूर्ण धनराशी का भुगतान कर मेरे पक्षकार के नाम पर विक्रय पंजीयन करवा लिया जावेगा । उसके उपरान्त किसी भी प्रकार की कोई उजर आपत्ति मान्य नही होगी । सौ विदित होवे।

दिनांक 26/11/2026

संतोष चन्द्र जादौन
43, मारुति नगर, इंदौर, मो. 9826700376